## एलयू के खेल मैदान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम की ओर से आयोजित कौशल महोत्सव रोजगार मेले में बोले रक्षामंत्री

# यूपी में युवाओं को रोजगार के मौके बढ़े: राजनाथ

**सौगात**

**97** कंपनियों ने दो दिवसीय रोजगार मेले में शिरकत की

**63** सौ युवाओं को रोजगार मेले में मिला जॉब आफर

**10** हजार नौजवानों को लखनऊ नगर निगम नौकरी देगा

**लखनऊ, कार्यालय संवाददाता।** कुछ साल पहले तक रोजगार के लिए प्रदेश के युवा गांवों से पलायन कर नौकरी और काम की तलाश में दूसरे राज्यों में जाते थे। अब भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। युवाओं को घर के पास और शहर में काम मिल रहा है। केन्द्र सरकार के स्टार्टअप, स्टैंड अप और मुद्रा योजनाओं से युवा खुद के उद्योग संचालित कर अच्छी आमदनी कर रहे हैं। यह बातें रविवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की ओर से एलयू के खेल मैदान में आयोजित कौशल महोत्सव रोजगार मेले में कहीं। उन्होंने रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिये। रक्षामंत्री ने चयनित युवाओं और अभिभावकों को बधाई देकर उत्साह किया। दो दिवसीय रोजगार मेले में 97 कम्पनियों ने 6300 युवाओं का चयन कर जॉब का ऑफर दिया है।

**स्टार्टअप ने बढ़ाए रोजगार :** रक्षामंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में नौ वर्ष में मुद्रा योजना के तहत करीब 23 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा देश के नौजवानों को दिए हैं। आज देश स्टार्टअप का हब बन गया है। नौजवान नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बन रहा है। 2047 तक भारत विकसित देश बनेगा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मेले में चयनित अभ्यर्थी रणजीत सिंह, संगीता, अखिलेश कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार सिंह, हैदर रहमान, अनिरुद्ध सिंह, रणजीत सिंह चौहान, अंकिता, स्वप्निल वाजपेई समेत अन्य को नियुक्ति पत्र दिया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि रक्षामंत्री की प्रेरणा से आयोजित मेले में हजारों युवाओं को रोजगार मिला है। रक्षामंत्री ने लखनऊ में विकास के बहुत से काम कराए हैं। लखनऊ नगर निगम भी 10 हजार अधिक नौजवानों को नौकरी देने जा रहा है। भाजपा नेता और रोजगार मेले के संयोजक नीरज सिंह ने कहा कि कौशल महोत्सव से युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिले हैं। बड़ी संख्या में युवा रोजगार पाकर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। बीते साल 5760 युवाओं को रोजगार मिला। इस बार 6300 से ज्यादा को रोजगार मिला है। मेले में केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एनएसडीसी सीईओ वेदमणि तिवारी, मेयर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉ. नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, एमएलसी रामचंद्र प्रधान आदि रहे।




लखनऊ विश्वविद्यालय रोजगार मेले में अभ्यर्थियों को प्रमाणपत्र देते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक व अन्य।

## पर्वतीय महापरिषद ने दिया समर्थन

**लखनऊ।** पर्वतीय महापरिषद के एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष गणेश चन्द्र जोशी के नेतृत्व में रविवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इसमें मुख्य संयोजक टीएस मनराल, महासचिव महेन्द्र सिंह रावत सहित अनेक लोग शामिल रहे। इस दौरान महापरिषद ने रक्षामंत्री द्वारा कराए गए विकास कार्यों की प्रशंसा की। वहीं फिर से लखनऊ लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने पर समाज ने पूर्ण समर्थन का संकल्प जताया।

## रक्षामंत्री से भोजपुरी समाज के लोग मिले

**लखनऊ।** अखिल भारतीय भोजपुरी समाज अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल राजनाथ सिंह से मिला। उन्हें प्रत्याशी बनाए जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। सांसद को आश्वस्त किया कि भोजपुरी समाज की ओर से लोकसभा चुनाव में उन्हें पूर्ण बहुमत दिलाया जाएगा। लखनऊ में भोजपुरी समाज के लाखों लोग रह रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय, जितेंद्र सोनकर, रामयतन यादव, वेद प्रकाश राय, मनोज सिंह, अंबरीष राय, हनुमान यादव, मनीष पोद्दार, राधेश्याम रशिया, अवधेश आदि रहे।

## लखनऊ के लिए बहुत कुछ करना बाकी: राजनाथ

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ के विकास कार्यो से मैं अभी पूरी तरह से संतुष्ट नहीं हूं। अभी बहुत कुछ करना बाकी है। मैं अभी और कुछ करना और देखना चाहता हूं।

रविवार को चौक स्थित अटल बिहारी वाजपेई कन्वेंशन सेंटर में कायस्थ परिवार ने रक्षामंत्री का अभिनंदन किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त महाराज पर एक ब्रिज का नामकरण कर दिया गया तो उसके लिए मेरा स्वागत अभिनंदन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये नामकरण कायस्थ समाज को खुश करने के लिए नहीं किया है। यह बड़ा ब्रिज था। मेरी आस्था व श्रद्धा की अभिव्यक्ति थी। इसलिए मैंने कहा कि इसका नाम भगवान चित्रगुप्त के नाम पर किया जाना चाहिए। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, नीरज सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी मुकेश शर्मा मौजूद रहे।